# उन लोगों के लिए Medi-Cal General Property Limitations जो अपने Modified Adjusted Gross Income का इस्तेमाल करके योग्य नहीं हैं

Medi-Cal उन लोगों के लिए संपत्ति की गणना नहीं करता है, जो अपने Modified Adjusted Gross Income (MAGI) के आधार पर योग्य हैं। आप अपने योग्यता कर्मी से पूछ सकते हैं कि क्या आप MAGI नियमों का इस्तेमाल करके Medi-Cal के लिए योग्य हैं। अगर आपने आवेदन नहीं किया है, तो आप इनमें से किसी एक तरीके से आवेदन कर सकते हैं:

- अपनी काउंटी के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के ज़रिये। http://dhcs.ca.gov/COL पर अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय की जानकारी ढूँढें। या Medi-Cal हेल्पलाइन को (800) 541-5555 पर कॉल करें।
- ऑनलाइन के लिए www.CoveredCA.com पर जाएँ
- **1-800-300-1506** पर फ़ोन से

यह सूचना उन सभी Medi-Cal आवेदकों और लाभार्थियों के लिए Medi-Cal **संपत्ति की ज़रूरतों** का वर्णन करती है जो MAGI का इस्तेमाल करके योग्य **नहीं** हैं। इन शब्दों के बारे में जानना ज़रूरी है:

- **संपत्ति** में **वास्तविक** संपत्ति और **निजी** संपत्ति दोनों शामिल हैं
- **वास्तविक** संपत्ति में ज़मीन, इमारतें और मोबाइल घर (चलायमान घर)  शामिल हैं जिन पर वास्तविक संपत्ति के रूप में कर लगाया जाता है, वास्तविक संपत्ति में आजीवन संपदाओं, गिरवियों, बंधक पत्रों और ट्रस्ट डीड्स के रूप में टैक्स लगाया जाता है
- **निजी** संपत्ति में हर प्रकार की चल या अचल परिसंपत्ति शामिल है। इसमें कारें, गहने, स्टॉक, बांड, वित्तीय संस्थानों के खाते, नाव, ट्रक, ट्रेलर, वगैरह शामिल हैं।
- **गणनीय** संपत्ति वह वास्तविक और निजी संपत्ति है जिसकी गणना योग्यता निर्धारित करने के लिए की जाती है
- **छूट प्राप्त** या **अनुपलब्ध** संपत्ति वह वास्तविक या निजी संपत्ति है जिसकी गणना योग्यता निर्धारित करने के लिए **नहीं** की जाती है
- **संपत्ति रिज़र्व** वह गणनीय संपत्ति है जो छूट प्राप्त **नहीं** है या अनुपलब्ध है
- **संपत्ति रिज़र्व सीमाएँ**  गणनीय संपत्ति की स्वीकृत कुल राशियाँ हैं

Medi-Cal के लिए योग्य होने के लिए आपकी कुल गणनीय संपत्ति इन संपत्ति रिज़र्व सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती है, जो उन व्यक्तियों की संख्या पर आधारित है जिनकी संपत्ति पर विचार किया जा रहा है:

| **व्यक्तियों की संख्या** | **संपत्ति की सीमा** |
|---|---|
| 1 | $130,000 |
| 2 | $195,000 |
| 3 | $260,000 |
| 4 | $325,000 |
| 5 | $390,000 |
| 6 | $455,000 |

| | |
|---|---|
| 7 | $520,000 |
| 8 | $585,000 |
| 9 | $650,000 |
| 10 या ज़्यादा | $715,000 |

**ध्यान दें:** जब एक जीवनसाथी संस्था में रहता है और दूसरा जीवनसाथी समुदाय जीवनसाथी है (घर पर रहता है), तब गणनीय संपत्ति की अतिरिक्त राशी की अनुमति है। किसी भी मूल्य के गहने को छूट प्राप्त है। ज़्यादा जानकारी के लिए पृष्ठ 3 पढ़ें।

आपकी गणनीय संपत्ति संपत्ति रिज़र्व सीमा से ऊपर **नहीं** होनी चाहिए। उस सीमा से ऊपर कोई भी राशी होने पर आप और/या आपका परिवार Medi-Cal के लिए **अयोग्य** हो जाएगा।

Medi-Cal के लिए योग्य होने के लिए आप जिस महीने Medi-Cal के लिए आवेदन करते हैं उसके समाप्त होने से पहले अपनी संपत्ति को संपत्ति रिज़र्व सीमा तक कम कर सकते हैं। अगर आप जिस महीने आवेदन करते हैं उससे शुरू करते हुए एक महीने के लिए अपनी संपत्ति सीमा को कम करने में असमर्थ हैं, तो **अपवाद** पढ़ें: पृष्ठ 6 पर **Principe v. Belshé**।

## संपत्ति पर छूट

(वह संपत्ति जिसकी गणना Medi-Cal योग्यता के लिए **नहीं** की जाती है)

### वास्तविक संपत्ति

- **मुख्य निवास** (**घर** के तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली संपत्ति)
  - जब कोई आवेदक या लाभार्थी किसी भी कारण से, जिसमें संस्था में रहना शामिल है, घर में मौजूद नहीं होता है, तब घर छूट प्राप्त बना रहता है अगर आवेदक या लाभार्थी किसी दिन वहाँ वापस लौटने का इरादा रखता है।
  - उस स्थिति में भी घर छूट प्राप्त बना रहता है जब आवेदक या लाभार्थी का जीवनसाथी या उसके आश्रित रिश्तेदार उस घर में रहना जारी रखते हैं।
  - घर की बिक्री से प्राप्त धनराशि पर 6 महीनों के लिए छूट प्राप्त हो सकती है अगर इस धनराशि का इस्तेमाल दूसरा घर खरीदने के लिए किया जाएगा।
- **दूसरी वास्तविक संपत्ति**
  - गैर व्यावसायिक वास्तविक संपदा (घर को छोड़कर), गिरवियों, ट्रस्ट डीड्स या दूसरे बंधक पत्रों में $6,000 तक के इक्विटी वैल्यू को छूट प्राप्त हो सकता है।
  - इस छूट के लिए संपत्ति को शुद्ध मूल्य या वर्तमान अंकित मूल्य की 6 प्रतिशत वार्षिक आय ज़रूर अर्जित करनी होगी।
- **व्यवसाय या व्यापार में इस्तेमाल होने वाली वास्तविक संपत्ति**
  - व्यापार या व्यवसाय में इस्तेमाल होने वाली वास्तविक संपत्ति छूट प्राप्त संपत्ति है, चाहे उसकी इक्विटी कितनी भी हो और उससे आय होती हो या ना होती हो।
  - कुछ मामलों में इस छूट में किराया संपत्तियाँ शामिल की जाती हैं।

### निजी संपत्ति

- **एक मोटर वाहन**
- **व्यवसाय या व्यापार में इस्तेमाल होने वाली निजी संपत्ति**
- **निजी सामान** जिसमें कपड़े, विरासत, शादी और मंगनी की अंगूठियाँ और दूसरे गहने शामिल हैं

- **घरेलू सामान**
- **आईआरए, केईओजीएच और काम से संबंधित दूसरे पेंशन प्लान**
  - ये फ़ंड छूट प्राप्त होते हैं अगर ये परिवार के जिस सदस्य के नाम पर हैं वह Medi-Cal **नहीं** चाहता है।
  - अगर कोई फ़ंड ऐसे व्यक्ति के नाम पर है जिसे Medi-Cal चाहिए और वह मूल और ब्याज भुगतान प्राप्त करता है, तो शेष राशी अनुपलब्ध होती है और उसकी गणना **नहीं** की जाती है।
- **अविकल्पी दफन ट्रस्ट या अविकल्पी पूर्वप्रदत्त दफन संविदाएँ**
- **एक खंडनीय दफन फ़ंड या खंडनीय पूर्वप्रदत्त दफन संविदा**, जिसका मूल्य प्रति व्यक्ति $1,500 और उपार्जित ब्याज के कुल योगतक है
- **दफन स्थान का सामान**
- **संगीत वाद्य**
- **मनोरंजन का सामान** जिसमें टीवी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, बंदूकें, संग्रह, वगैरह शामिल हैं।
- **पशुधन, पोल्ट्री या फ़सलें**
- **गणनीय संपत्ति जो किसी राज्य-प्रमाणित, दीर्घ-कालिक देखभाल बीमा पॉलिसी के तहत भुगतान की गई लाभ राशी के बराबर है**
- **जीवन बीमा पॉलिसियाँ**
  - हर व्यक्ति के पास ऐसी जीवन बीमा पॉलिसियाँ हो सकती हैं जिनका संयुक्त अंकित मूल्य $1,500 या उससे कम है।

## <u>दीर्घ-कालिक देखभाल में प्रवेश करने या रहने वाले उन व्यक्तियों के लिए संपत्ति सीमाएँ, जो MAGI का इस्तेमाल करके योग्य नहीं हैं</u>

**अगर आप <u>अकेले</u> हैं और किसी दीर्घ-कालिक देखभाल सुविधा में रहते हैं:**
आपके संपत्ति रिज़र्व में $130,000 या उससे कम ज़रूर होना चाहिए।

**अगर आप <u>विवाहित</u> हैं और आप <u>दोनों</u> किसी दीर्घ-कालिक देखभाल सुविधा में रहते हैं और इससे पहले आप में से किसी ने भी Medi-Cal के लिए आवेदन नहीं किया है:**

- आपकी अलग संपत्ति और समुदाय संपत्ति के आधे हिस्से का कुल मूल्य $130,000 या उससे कम होना चाहिए।
- आपके जीवनसाथी, जो Medi-Cal के लिए आवेदन नहीं कर रहे हैं, वे अपनी सारी अलग संपत्ति और समुदाय संपत्ति का आधा हिस्सा अपने पास रख सकते हैं। आप Medi-Cal योग्यता को तेज़ कर सकते हैं अगर आप और आपके जीवनसाथी समुदाय संपत्ति को विभाजित करने के लिए सहमत हो जाते हैं। इस प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले आपको ऐसे किसी वकील से सलाह लेनी चाहिए जिसके पास Medi-Cal प्रोग्राम की जानकारी है।

**अगर आप <u>विवाहित</u> हैं और <u>आप</u> किसी दीर्घ-कालिक देखभाल सुविधा में भर्ती हैं:**

- अगर आपसे लगातार **30** दिनों तक रहने की उम्मीद की जाती है और आपके जीवनसाथी समुदाय में रह रहे हैं, तो आपके जीवनसाथी संयुक्त समुदाय और अलग संपत्ति की एक विशिष्ट राशी अपने पास रख सकते हैं। इस राशी को Community Spouse Resource

Allowance (CSRA) कहा जाता है।

- CSRA की गणना आप जिस दिन Medi-Cal के लिए आवेदन करते हैं उस दिन के आधार पर की जाती है।
- CSRA हर वर्ष 1 जनवरी को बढ़ा दिया जाता है। आपको यह Department of Health Care Services की वेबसाइट पर मिलेगा। 2022 CSRA $137,400 है।
- संस्थागत जीवनसाथी (दीर्घ-कालिक देखभाल सुविधा में रहने वाला जीवनसाथी) गणनीय संपत्ति के अतिरिक्त $130,000 तक अपने पास रख सकता है।
- CSRA सीमा बढ़ाई जा सकती है अगर समुदाय जीवनसाथी अपने समर्थन के लिए **अदालती आदेश** ले आता है या **न्यायोचित सुनवाई** में यह पाया जाता है कि ये **दोनों** ही सच हैं:
  a. समुदाय जीवनसाथी की आय को minimum monthly maintenance needs allowance (MMMNA) तक बढ़ाने के लिए पर्याप्त आय अर्जित करने के लिए ज़्यादा राशी की संपत्ति की ज़रूरत है।
     - वर्ष 2022 के लिए MMMNA $3,435 प्रति माह है।
     - MMMNA को वार्षिक रूप से अपडेट किया जाता है और यह आपको Department of Health Care Services की वेबसाइट पर मिलेगा।

  b. जिन विशेष स्थितियों की वजह से आर्थिक कठिनाई होती है उनकी वजह से ज़्यादा आय की ज़रूरत पड़ती है।

**ध्यान दें:** क्योंकि ये नियम इस बात को प्रभावित करते हैं कि समुदाय जीवनसाथी संस्थागत जीवनसाथी की Medi-Cal योग्यता के प्रयोजनों के लिए कितना धन अपने पास रख सकता है, शायद आप अपने क्षेत्र में वरिष्ठों के लिए किसी कानूनी सेवा प्रोग्राम की सलाह लेना चाहें। या यह जानने के लिए कि यह कानून आपको कैसे प्रभावित करता है, किसी ऐसे वकील की सलाह लें जिसे Medi-Cal प्रोग्राम के बारे में जानकारी है।

## आंकलन

संस्थागत व्यक्ति या उसका जीवनसाथी संपत्ति आंकलन की मांग कर सकता है, भले ही संस्थागत व्यक्ति Medi-Cal के लिए आवेदन नहीं कर रहा हो। आपको स्वास्थ्य एवं मानव सेवाओं के काउंटी कल्याण विभाग से एक अपॉइंटमेंट लेने की ज़रूरत पड़ेगी। http://dhcs.ca.gov/COL पर अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय की जानकारी ढूँढें।

आपको अपनी सारी वास्तविक और व्यक्तिगत संपत्ति के मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। इस प्रमाण में काउंटी टैक्स आंकलन, चेकिंग और बचत खातों की विवरणियाँ, अदालती आदेश, ब्रोकरेज खाता विवरणियाँ, जीवन बीमा पॉलिसियाँ, वार्षिकी पॉलिसियाँ, ट्रस्ट खातों के दस्तावेज़, संविदाएँ, लीज़ समझौते, आजीवन संपदा दस्तावेज़ और/या वित्तीय संस्थानों के योग्य व्यक्तियों से ऐसे किसी भी वास्तविक या व्यक्तिगत संपत्ति के मूल्यों के बारे में दस्तावेज़, जो आप या आपके जीवनसाथी के पास हैं, शामिल हो सकते हैं।

## संपत्ति को कम करके संपत्ति सीमाओं में लाना

**इससे पहले कि एक महीने के लिए Medi-Cal की मंज़ूरी दी जा सके, उस महीने के अंत तक संपत्ति रिज़र्व को संपत्ति सीमा की राशी तक या उससे नीचे लाना ज़रूरी है।**

एक महीने के लिए Medi-Cal योग्यता की मंज़ूरी तब तक नहीं दी जा सकती है जब तक गणनीय संपत्ति उस कैलेंडर महीने के दौरान किसी समय संपत्ति सीमा के नीचे नहीं है। अगर आप जिस महीने आवेदन करते हैं उससे शुरू करते हुए एक महीने के लिए अपनी संपत्ति सीमा को कम करने में असमर्थ हैं, तो **अपवाद** पढ़ें: पृष्ठ 6 पर **Principe v. Belshé**।

**उदाहरण:**
- अगर किसी Medi-Cal आवेदक की कुल गैर छूट प्राप्त संपत्ति ऐसा बचत खाता है जिसमें एक महीने में $200,000 की शेष राशी है, तो उस आवेदक को उस महीने इस बचत खाते की राशी को $130,000 तक कम करना होगा। उस महीने जोड़े को बचत $195,000 की राशी तक कम करनी होगी।
- अगर किसी संस्थागत जीवनसाथी और समुदाय जीवनसाथी की संयुक्त संपत्ति का कुल मूल्य एक महीने में CSRA और $130,000 के योग से ज़्यादा है, तो उस जोड़े को संपत्ति की ज़रूरतें पूरी करने के लिए कुल गैर छूट प्राप्त संपत्ति को CSRA और $130,000 के योग के बराबर राशी तक या उससे नीचे लाना होगा। फिर समुदाय जीवनसाथी को CSRA में संपत्ति को ट्रांसफ़र करने के लिए संस्थागत जीवनसाथी के पास  कम से कम **90** दिन होंगे (ज़्यादा दिन होंगे अगर अदालती आदेश की ज़रूरत है)। इसका उद्देश्य संस्थागत जीवनसाथी को एक के लिए निर्धारित $130,000 की संपत्ति सीमा में लाना है। वर्ष 2022 के लिए CSRA $137,400 है।

जो Medi-Cal आवेदक किसी भी संस्था में **नहीं** हैं, वे जिस महीने के लिए Medi-Cal चाहते हैं उस कैलेंडर महीने में अपनी पसंद के किसी भी तरीके से अपनी गैर छूट प्राप्त संपत्ति को सीमा तक कम कर सकते हैं। Medi-Cal के लिए संपत्ति में किए गए घटाव के प्रमाण की ज़रूरत पड़ सकती है।

ये आवेदक न्यायोचित बाज़ार मूल्य (FMV) से कम पर गैर छूट प्राप्त संपत्ति ट्रांसफ़र की वजह से अयोग्य **नहीं** होंगे जब तक वे जिस तारीख को संपत्ति ट्रांसफ़र करते हैं उसके 30 महीनों के भीतर किसी संस्था में रहने के लिए नहीं जाते हैं।

FMV से कम पर गैर छूट प्राप्त संपत्ति के ट्रांसफ़र का मतलब, ऐसी संपत्ति को उसके मूल्य से कम पर किसी को देकर, बेचकर या किसी और तरीके से विनिमय करके उसका स्वामित्व बदलना है ।

**महत्वपूर्ण:** अगर आप संस्थागत व्यक्ति या ऐसे किसी व्यक्ति के रूप में आवेदन कर रहे हैं जो ट्रांसफ़र की तारीख के 30 महीनों के भीतर संस्थागत किया जा सकता है और आप किसी गैर छूट प्राप्त संपत्ति को FMV से कम पर ट्रांसफ़र करते हैं, तो Medi-Cal के तहत नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए आपके पास अयोग्यता अवधि हो सकती है। अयोग्यता अवधि को कम करने के तरीके यहाँ दिए गए हैं:
- मेडिकल बिल का भुगतान करें
- घर के लिए सजावट का सामान खरीदें
- घर की गिरवी पर भुगतान करें
- कपड़े खरीदें
- घर की मरम्मत करवाएँ
- अपने ऑटो लोन का भुगतान करें
- दूसरे ऋणों का भुगतान करें
- नॉन-लिक्विड परिसंपत्तियों को बेच डालें (नकद राशियाँ प्राप्त करें), उदाहरण के लिए, गैर छूट प्राप्त जीवन बीमा पॉलिसियों पर कैश सरेंडर वैल्यू प्राप्त करें या किसी योग्य ब्रोकर के साथ संपत्ति

की बिक्री के लिए उसकी लिस्टिंग करें
- मेडिकल देखभाल की कीमत को कवर करने के लिए अतिरिक्त संपत्ति पर उधार लें या देखभाल की कीमत को कवर करने के लिए मेडिकल प्रोवाइडर से उस संपत्ति के खिलाफ़ दावा करने के लिए कहें

**अपवाद: Principe v. Belshé**
जो व्यक्ति आवेदन के महीने में या आवेदन प्रक्रिया के दौरान बाद के किसी महीने में अपनी अतिरिक्त संपत्ति को कम करने में असमर्थ रहे हैं, वे योग्य मेडिकल खर्चों का भुगतान करके पूर्व प्रभावी रूप से (बाद में) अपनी संपत्ति को **स्पेंड डाउन** कर सकते हैं। ये किसी भी महीने से हो सकते हैं लेकिन यह ज़रूरी है कि आप जिस महीने के लिए संपत्ति सीमा से ऊपर थे उस महीने में इनका भुगतान नहीं किया गया हो। अगर आप दूसरे तरीकों से योग्य पाए जाते हैं, उस स्थिति में जब आप उन योग्य मेडिकल खर्चों का भुगतान करने के लिए अतिरिक्त संपत्ति का इस्तेमाल कर लेते हैं और काउंटी को भुगतान का प्रमाण दिखा देते हैं, तो उसके **बाद** योग्यता प्रदान की जाएगी।

## छूट प्राप्त संपत्ति का ट्रांसफ़र

किसी भी समय छूट प्राप्त (गणना नहीं की गई) संपत्ति के ट्रांसफ़र की वजह से अयोग्यता की अवधि उत्पन्न **नहीं** होगी जब तक ट्रांसफ़र के समय संपत्ति को छूट प्राप्त नहीं माना जाएगा। इसमें घर या भूतपूर्व घर के रूप में इस्तेमाल की गई संपत्ति का ट्रांसफ़र शामिल है। किसी घर की बिक्री से प्राप्त धनराशी की गणना संपत्ति के रूप में की **जाएगी** जब तक इस धनराशी का इस्तेमाल 6 महीनों के भीतर कोई और घर खरीदने के लिए नहीं किया जाता है। दूसरी छूट प्राप्त परिसंपत्तियों की बिक्री से प्राप्त धनराशी की गणना संपत्ति के रूप में की जाएगी।

## गैर छूट प्राप्त संपत्ति का ट्रांसफ़र

कोई संस्थागत आवेदक या Medi-Cal लाभार्थी जिसे ट्रांसफ़र की तारीख से 30 महीनों के भीतर संस्थागत किया जाता है, वह FMV से कम पर गैर छूट प्राप्त संपत्ति ट्रांसफ़र किए जाने की वजह से अयोग्य **हो सकता है**।

गैर छूट प्राप्त संपत्ति को अयोग्यता अवधि उत्पन्न किए बिना ट्रांसफ़र किया जा सकता है अगर संपत्ति निम्नलिखित को ट्रांसफ़र की जाती है:
- जीवनसाथी (या जीवनसाथी के एकल लाभ के लिए किसी और को), **या**
- किसी संस्थागत व्यक्ति के बच्चे को जो नेत्रहीन है या स्थायी रूप से या पूरी तरह से विकलांग है, **या**
- इस संपत्ति को किसी बराबर मूल्य की किसी चीज़ के लिए FMV पर ट्रांसफ़र करने का इरादा था, **या**
- इस संपत्ति को Medi-Cal योग्यता स्थापित करने के लिए ट्रांसफ़र नहीं किया गया था, **या**
- नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए अयोग्यता अवधि की वजह से अनुचित कठिनाई उत्पन्न होगी।

अगले खंड में सूचीबद्ध किसी को गैर छूट प्राप्त भूतपूर्व घर के ट्रांसफ़र या किसी को भी छूट प्राप्त संपत्ति के ट्रांसफ़र से नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए अयोग्यता अवधि उत्पन्न **नहीं** होगी अगर संपति किसी को दे दी गई थी, बेची गई थी या किसी दूसरे तरीके से FMV से कम पर विनिमय की गई थी।

अगर दूसरे व्यक्तियों को गैर छूट प्राप्त भूतपूर्व घर FMV से कम पर ट्रांसफ़र किया जाता है या गैर छूट प्राप्त संपत्ति को FMV से कम पर ट्रांसफ़र किया जाता है, तो इस ट्रांसफ़र की वजह से 1 से 30 महीनों के लिए नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए अयोग्यता अवधि उत्पन्न हो सकती है।

यह अयोग्यता अवधि संपत्ति के अक्षतिपूरित मूल्य (डॉलर में क्षतिपूरण की राशी प्राप्त नहीं हुई) को निजी रूप से भुगतान किए गए नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए पूरे राज्य की औसत दर से विभाजित करने के बाद प्राप्त उत्तर पर आधारित है। वर्ष 2022 के लिए पूरे राज्य की औसत निजी भुगतान दर $10,933 प्रति माह है।

**उदाहरण:**
एक संस्थागत व्यक्ति किसी बच्चे को उपहार में $33,000 की अतिरिक्त संपत्ति ट्रांसफ़र करके संपत्ति कम करता है। इस व्यक्ति को उपहार के बदले में न्यायोचित बाज़ार मूल्य के रूप में कुछ नहीं मिला, इसलिए वह नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए योग्य **नहीं** है। अगर निजी रूप से भुगतान किए गए नर्सिंग देखभाल के लिए पूरे राज्य की औसत मासिक दर $11,000 है, तो यह व्यक्ति ट्रांसफ़र के महीने से शुरू करते हुए तीन महीनों के लिए नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए अयोग्य होगा। यह $33,000 को $11,000 औसत निजी भुगतान दर से विभाजित करने के बाद प्राप्त उत्तर के बराबर है। इसके बावजूद यह व्यक्ति सभी दूसरी Medi-Cal सेवाओं के लिए योग्य होगा।

## संस्थागत व्यक्ति द्वारा गैर छूट प्राप्त भूतपूर्व घर का ट्रांसफ़र जिसकी वजह से अयोग्यता अवधि उत्पन्न नहीं होती है

छूट प्राप्त घर के ट्रांसफ़र से अयोग्यता अवधि उत्पन्न नहीं होती है। गैर छूट प्राप्त भूतपूर्व घर के ट्रांसफ़र से भी अयोग्यता अवधि उत्पन्न नहीं होगी अगर घर का टाइटल निम्नलिखित को ट्रांसफ़र किया जाता है:
- जीवनसाथी, **या**
- बच्चा जिसकी आयु 21 वर्ष से कम है, **या**
- किसी भी आयु का बच्चा जो नेत्रहीन या पूरी तरह से या स्थायी रूप से विकलांग हो, **या**
- बच्चा जो ऊपर सूचीबद्ध नहीं है, जो संस्थागत व्यक्ति की भर्ती की तारीख से ठीक पहले के दो वर्ष उस घर में रहा है और जिसने वह देखभाल प्रदान की जिसकी वजह से वह व्यक्ति संस्था या सुविधा की बजाय उस घर में रह सका, **या**
- वह भाई/बहन जिसका उस घर में इक्विटी इंटरेस्ट है और जो एक वर्ष के लिए उस घर में रहा है, वह वर्ष जो उस तारीख से ठीक पिछला वर्ष है जब संस्थागत व्यक्ति को सुविधा या संस्था में भर्ती किया गया था।

इससे **पहले** कि काउंटी नर्सिंग सुविधा स्तर की देखभाल के लिए अयोग्यता अवधि निर्धारित करे, काउंटी को यह निर्धारित करना होगा कि क्या अनुचित कठिनाई मौजूद है। जब ट्रांसफ़र की वजह से अयोग्यता अवधि उत्पन्न होती है, तब अयोग्य व्यक्ति के पास न्यायोचित सुनवाई के ज़रिये अपील की मांग करने का अधिकार है। यह अपील फ़ॉर्म 'कार्यवाही की सूचना' के पीछे दिया गया है जो योग्यता को समाप्त, अस्वीकार या सीमित करती है।